समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# सीएम नीतीश ने राजगीर खेल अकादमी मे स्पोर्ट्स सुविधाओं का किया लोकार्पण, मॉडल थाने का लिया जायजा।

Publisher

Published on 03 May 2025

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर खेल अकादमी-मे नवनिर्मित खेल सुविधाओं का लोकार्पण किया. साथ ही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तैयारियों का लिया जायजा लिया.

राजगीर में खेल सुविधाओं का उद्घाटन करते **सीएम नीतीश कुमार** शुक्रवार को **राजगीर खेल अकादमी-सह-खेल विश्वविद्यालय** पहुंचे, जहां उन्होंने नवनिर्मित खेल सुविधाओं **इंडोर हॉल संख्या-2, बास्केटबॉल कोर्ट, हंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट** एवं हॉकी प्रैक्टिस टर्फ का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर लोकार्पण किया.

लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने **इंडोर हॉल संख्या-2, बास्केटबॉल कोर्ट, हैडंबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट एवं हॉकी प्रैक्टिस टर्फ** का जायजा लिया और इस अवसर पर गुब्बारा भी उड़ाया. निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री का ताली बजाकर स्वागत किया.

मुख्यमंत्री ने राजगीर में आयोजित होने वाले खेलो **इंडिया यूथ गेम्स, 2025** की तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने खेल मैदान एवं खेल ट्रैक को भी देखा. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य खेल अकादमी में खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधा का इंतजाम किया गया है. सभी चीजों का निर्माण अच्छे ढंग से कराया गया है.

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया और कहा कि खूब बढ़ियां से प्रैक्टिस करें और आगे बढ़ें. उन्होंने वहां संचालित ब्वॉयज और गर्ल्स हॉस्टल में दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली. साथ ही राज्य खेल अकादमी में खिलाड़ियों को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जाना.

इसके बाद मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस अकादमी का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने **स्वीमिंग पूल, मॉडल थाना** का जायजा लिया. वहां पुलिस के लिए वर्दी सिलाई करने वाली जीविका दीदियों से भी बातचीत की. उन्होंने क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया.

उन्होंने कहा कि यहां पर बिहार पुलिस और बिहार पुलिस के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का संचालन बेहतर ढंग से कराते रहें. इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई अन्य मंत्री मौजूद रहे.मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस अकादमी के पासिंग आउट परेड ग्राउंड का भी निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस अकादमी का निर्माण बेहतर ढंग से कराया गया है और सारी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है. यहां प्रशिक्षण की अच्छी व्यवस्था की गई है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.